कार्यालय जिला न्यायाधीश, महराजगंज

प्रशासनिक आदेश संख्या– 02 /2026

आदेश

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा जनपद न्यायालयों हेतु निर्गत कैलेण्डर वर्ष–2026 के निर्देश क्रमांक–03 पर उल्लिखित निर्देश ''जनपद न्यायाधीश पाँच दिन का स्थानीय अवकाश ज़िला मजिस्ट्रेट से विचार–विमर्श करके निश्चित एवं घोषित करेंगे'' के अधीन पाँच दिन का स्थानीय अवकाश घोषित करने, निर्देश क्रमांक–07 पर उल्लिखित निर्देश ''यदि कैलेण्डर में वर्णित कोई राष्ट्रीय या अन्य अवकाश, द्वितीय शनिवार या रविवार को पड़ता है, तो जनपद न्यायाधीश उसके स्थान पर अतिरिक्त दिवस को अवकाश के रूप में घोषित कर सकते हैं'' के अधीन अतिरिक्त दिवस का अवकाश घोषित करने की अधिकारिता प्रदान की गई है।

उक्त अधिकारिताओं के अधीन जिला न्यायालय, महराजगंज के अन्तर्गत क्रमशः (1) मुख्यालय स्थित न्यायालयों (2) बाह्य स्थित न्यायालयों, फरेन्दा, महराजगंज (3) ग्राम न्यायालय, तहसील–नौतनवा, महराजगंज एवं (4) ग्राम न्यायालय, तहसील–निचलौल, महराजगंज में कैलेण्डर वर्ष–2026 में यदि, पांच दिन का स्थानीय अवकाश तथा दो दिन का अतिरिक्त दिवस अवकाश घोषित किया जाता है तो माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्गत कैलेण्डर वर्ष–2026 के निर्देश क्रमांक–08 पर उल्लिखित निर्देश ''उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के जनपद न्यायालयों में कार्य दिवस एक वर्ष में 265 दिन से कम नहीं रहेगा'' के अनुसार जिला न्यायालय, महराजगंज में 265 दिन से कम कार्य दिवस नहीं होंगे।

अतः, जिला न्यायालय, महराजगंज के अन्तर्गत क्रमशः (1) मुख्यालय स्थित न्यायालयों (2) बाह्य स्थित न्यायालयों, फरेन्दा, महराजगंज (3) ग्राम न्यायालय, तहसील–नौतनवा, महराजगंज एवं (4) ग्राम न्यायालय, तहसील–निचलौल, महराजगंज में वर्ष–2026 में पांच दिन का स्थानीय अवकाश तथा दो दिन का अतिरिक्त दिवस अवकाश निम्नवत घोषित किया जाता है :–

1– स्थानीय अवकाश पांच (05) दिवस :–

क्रम	स्थानीय अवकाश के पर्व/दिवस का नाम	स्थानीय अवकाश का दिनांक/दिन
1	'मकर संक्रान्ति'	दिनांक 14–01–2026 (बुद्धवार)
2	'होली (स्थानीय)'	दिनांक 05–03–2026 (गुरूवार) दिनांक 06–03–2026 (शुक्रवार)
3	'जमात–उल–विदा (अलविदा)/रमज़ान माह का अन्तिम शुक्रवार'	दिनांक 13–03–2026 (शुक्रवार)
4	'गोवर्धन पूजा'	दिनांक 10–11–2026 (मंगलवार)

2– अतिरिक्त दिवस अवकाश दो (02) दिवस :–

क्रम	पूर्व घोषित अवकाश के पर्व/दिवस का नाम एवं दिनांक/दिन	अतिरिक्त अवकाश के पर्व/दिवस का नाम एवं दिनांक/दिन
1	'महाशिवरात्रि' दिनांक 15–02–2026 (रविवार)	'रक्षाबन्धन' दिनांक 28–08–2026 (शुक्रवार)
2	'दीपावली' दिनांक 08–11–2026 (रविवार)	'भैयादूज/चित्रगुप्त जयन्ती' दिनांक 11–11–2026 (बुद्धवार)

इस आदेश की प्रति को जनसामान्य के सूचनार्थ अधिष्ठान की आधिकारिक वेबसाइट एवं सूचना–पट्टों पर प्रदर्शित किया जाय तथा जिला सूचना अधिकारी, महराजगंज के माध्यम से यथासम्भव सभी दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रेषित किया जाय।

तदनुसार सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाय।

दिनांकः 02–01–2026

जिला न्यायाधीश,
महराजगंज।

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01– प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, महराजगंज।
02– पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, महराजगंज।
03– ज़िला मजिस्ट्रेट, महराजगंज।
04– पुलिस अधीक्षक, महराजगंज।
05– समस्त न्यायालयों के पीठासीन अधिकारीगण/अनुभागों के प्रभारी अधिकारीगण, जिला न्यायालय, महराजगंज।
06– नोडल अधिकारी (कम्प्यूटर), जिला न्यायालय, महराजगंज।
07– संयुक्त निदेशक, अभियोजन, महराजगंज।
08– अधीक्षक, जिला कारागार, महराजगंज।
09– जिला सूचना अधिकारी, महराजगंज को सर्वसाधारण के सूचनार्थ समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।
10– अध्यक्ष/महामंत्री, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, महराजगंज।
11– अध्यक्ष/महामंत्री, सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, फरेन्दा, महराजगंज।
12– सर्वसाधारण के सूचनार्थ अधिष्ठान के सूचना–पट्ट पर प्रदर्शित किए जाने हेतु।

दिनांकः 02–01–2026

प्रभारी मुख्य प्रशासनिक अधिकारी,
जिला न्यायालय, महराजगंज।